# सेफ क्लिक 2 .0 साइबर जागरूकता मैराथन

## सांसद-विधायक, एसपी के साथ दौड़े सैकड़ों लोग

**नवभारत, दमोह । मप्र पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष 2025 में प्रारंभ किए गए सेफ क्लिक अभियान के दूसरे चरण सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ किया गया.**



इसी क्रम में दमोह पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर साइबर जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया. मैराथन तहसील ग्राउंड से प्रारंभ होकर बेलाताल,पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्ट्रेट, स्टेडियम, किल्लाई नाका, बस स्टैंड और कीर्ति स्तंभ होते हुए पुन: तहसील ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुई.प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम और नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार नवाचार कर रही है.दमोह पुलिस द्वारा आयोजित यह मैराथन अभियान भी उसी दिशा में एक प्रभावी प्रयास है, जिससे समाज में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी. इस आशय के विचार दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने साइबर अपराधो के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील ग्राउंड में आयोजित किया गया.

**चाक-चौबंद रही सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था**

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में सीएसपी एचआर पांडे,तहसीलदार रॉबिन जैन, रघुनंदन चतुर्वेदी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को, टीआई देहात धर्मेंद्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल, विक्रम दांगी, समस्त थाना प्रभारी , सूबेदार अभिनव साहू, साइबर सेल सौरभ टंडन,एएसआई अक्षेंद्र नाथ सहित पुलिस बल आदि रहें.



## फुटेरा कला के साप्ताहिक बाजार में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

नवभारत,बटियागढ़/दमोह। मप्र पुलिस द्वारा संचालित साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम फुटेरा कला के साप्ताहिक बाजार में साइबर जागरूकता रथ पहुंचा. इस दौरान बाजार में मौजूद ग्रामीणों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं व विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान के दौरान चौकी प्रभारी आनंद कुमार अहिरवार व पुलिस स्टाफ ने लोगों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

# वन रक्षक निवास बना शराबियों का अड्डा

**कुम्हारी नवभारत 6 जुलाई। सगौनी वन परिक्षेत्र के कुसमी स्थित वन रक्षक निवास में वन रक्षक की अनुपस्थिति के कारण परिसर इन दिनों शराबियों का अड्डा बन गया है। ग्रामीणों के अनुसार असामाजिक तत्व रात के समय यहां बैठकर शराब पीते हैं और उत्पात मचाते हैं।**

ग्रामीणों ने बताया कि 5 जुलाई की रात अज्ञात व्यक्ति ने वन रक्षक निवास परिसर में स्थापित शिवलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। इससे पहले भी परिसर की बाउंड्री की फर्शियां तोड़ी जा चुकी हैं। घटना की सूचना मिलने पर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी सागौनी जगदीश समदड़िया मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया।



**शिवलिंग से तोड़फोड़ पर ग्रामीणों में रोष**

उन्होंने बताया कि मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में कार्रवाई की जाएगी। अनुपस्थिति पर की जाएगी कार्यवाही वन रक्षक की अनुपस्थिति को लेकर उन्होंने बताया कि कुसमी एवं इमलिया नाकों का प्रभार वन रक्षक हुसैन खान के पास है।उनकी अनुपस्थिति के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी सागौनी एवं वन मंडल अधिकारी दमोह से मांग की है कि कुसमी जैसे संवेदनशील वन नाके पर स्थायी रूप से वन रक्षक की पदस्थापना की जाए।

### एक नजर में



**सर्वजीत की गिरफ्तारी पर लोधी समाज में आक्रोश,एसपी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन**

नवभारत,दमोह. अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध महासभा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ठाकुर की सागर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को दमोह में युवाओं ने प्रदर्शन किया.दमोह जिला युवा अध्यक्ष अरविंद सिंह लोधी के नेतृत्व में निक्की,धर्मेंद्र,सत्येंद्र सिंह लोधी, राजकुमार लोधी, सुमित साहू,पुष्पेंद्र, अभिनंदन,नितिन,जगदीश,रंजीत,राहुल, नीरज, आकाश, सुरेंद्र सहित बड़ी संख्या में युवा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे.प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह के बैनर तले पुलिस अधीक्षक महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में कहा गया कि सर्वजीत सिंह ठाकुर को सागर पुलिस ने झूठे प्रकरण में फंसाकर गिरफ्तार किया है.

**बीईओ वाईके कोरी शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त**



नवभारत,दमोह.विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) वाई.के. कोरी शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए।उनके स्थान पर एन.एल.अहिरवार ने नए विकास खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया।विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्री कोरी को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा श्री अहिरवार का स्वागत कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आंगनबाड़ी केंद्र सिंग्रामपुर में तदर्थ समिति की बैठक आयोजित

**आयरन की गोलियां लेने, पौष्टिक भोजन अपनाने और स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें**



**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.** गर्भवती महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आंगनबाड़ी केंद्र सिंग्रामपुर में तदर्थ समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,आशा कार्यकर्ता, अंतरा फाउंडेशन से जुड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर, ग्राम के विद्यालय के शिक्षक अजय पाण्डेय तथा शिक्षिका ममता शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान उपस्थित विशेषज्ञों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों का नियमित सेवन तथा संस्थागत प्रसव के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।किशोरी बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई, एनीमिया की रोकथाम तथा संतुलित भोजन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

## सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, पथरिया।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के तत्वावधान में सोमवार को सफाई यूनियन अध्यक्ष अजय हरिया द्वारा नगर पालिका मुख्य अधिकारी को 16 सूत्रीय मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों के साथ मांग पत्र सौंपा गया।

इसमें भविष्य निधि, कलेक्टर रेट वेतन दर, विनिमितिकरण एवं सफ़ाई कर्मचारियों की भर्ती एवं कई ऐसी मांगों को लेकर 15 दिवस का समय देते हुए एक मांग पत्र सौंपा गया है। सफाई कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी अध्यक्ष का कहना है यदि पंद्रह दिवस में दिनों मांगों का निराकरण नहीं होता है तो समस्त सफाई कर्मचारी आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे।

## प्राकृतिक खेती के नाम एवं मिनीकिट बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,हिंडोरिया/दमोह.** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में दमोह विकासखंड के हिंडोरिया में चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम एवं मिनीकिट बीज वितरण कार्यक्रम का विशाल शिविर आयोजन किया गया कार्यक्रम में सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा स्वास्थ्य, पयार्वरण एवं मृदा उर्वरता को बनाए रखने के लिए किसान बंधु प्राकृतिक खेती करें उन्होंने कहा देसी गाय के गोवर और गौमूत्र से जीवामृत एवं घन जीवामृत तैयार कर एक देसी गाय से 30 एकड़ तक प्राकृतिक खेती की जा सकती है जिसमें उत्पादन में कोई प्रभाव नहीं पड़ता, लागत भी काम आती है, उत्पादन उच्च गुणवत्ता के होते हैं तथा पोषण से भरपूर होते हैं जिससे हमारा स्वास्थ्य मृदा का स्वास्थ्य एवं पर्यावरण का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता हैं उन्होंने कहा मिनीकिट का वितरण हो रहा है वह उन्नत किस्म का बीज है जिसका उपयोग किसान बंधु परंपरागत बीज को बदलने के लिए उपयोग किया जाए.



500 से अधिक कृषकों को बाटें गए नि :शुल्क बीज

## रक्तदान कर पत्रकार नरेंद्र आठया ने दिया मानव सेवा का संदेश

**नवभारत, दमोह.** महामाया रक्तदान व जनकल्याण समिति के तत्वावधान में संचालित रक्तदान अभियान के अंतर्गत पत्रकार नरेंद्र आठया ने जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर बी पॉजिटिव रक्तदान किया और समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया समिति की उपाध्यक्ष एवं नर्सिंग ऑफिसर सुमन चढ़ार के नेतृत्व में यह रक्तदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने अपनी शासकीय सेवाओं की व्यस्तता के बावजूद रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक अभियान को निरंतर गति देने में सक्रिय भूमिका निभाई है। समिति ने उनके समर्पण, सेवा भावना एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। समिति के अध्यक्ष अखिलेश रजक ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी भी जरूरतमंद मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी के जीवन को बचाने का सबसे सरल और श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने बताया कि समिति के रक्तदान अभियान में नारी शक्ति की विशेष भागीदारी रहती है। समिति की महिला सदस्य लगातार लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर मानव सेवा का संदेश समाज तक पहुंचा रही हैं। समिति ने सभी नागरिकों से आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करने और इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की।



**अधीक्षण अभियंता ने की विद्युत उपभोक्ताओं से जनसुनवाई में उपस्थित होने की अपील**

**नवभारत, दमोह।** उच्च कार्यालयों से प्राप्त निर्देशानुसार एवं अधीक्षण अभियंता अमित चौहान द्वारा विद्युत उपभोक्ता संतुष्टि के प्रति रूझान रखते हुए, अधीनस्थ कार्यपालन अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे 07 जुलाई (मंगलवार) को अपने-अपने स्तर पर अपने कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करें। शिविर में उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग, बढ़े हुए बिल आदि शिकायतों का नियमानुसार निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।07 जुलाई को दमोह में वृहद 'जनसुनवाई कार्यक्रम' आयोजित किया गया है। विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी विद्युत संबंधी शिकायतों का नियमानुसार निराकरण करायें। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 24 ग7 के आधार पर उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए कृत-संकल्पित है।

# भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

- संगठन की पंच निष्ठा और अनुशासन पर दिया गया जोर
- वरिष्ठ कार्यकर्ता और लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती वर्ष पर जबेरा विधानसभा के अंतर्गत तेंदूखेड़ा तहसील में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन व वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक व धर्मस्व विभाग राज्य स्वतंत्र प्रभार व जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, दमोह विधायक व पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने सम्मेलन को सम्बोधित किया.कार्यक्रम में कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ लोकतंत्र सेनानियों निगुण खरे, अमृत लाल चौरसिया सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता गण का सम्मानित किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया. तंदुपरांत मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया.जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन देशभक्ति, सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करता है.संगठन की पंच निष्ठा राष्ट्रवाद, सुशासन, विकास, संगठनात्मक मजबूती और अंत्योदय ही भाजपा की पहचान है. राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित और सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है.सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सेवा, सुशासन और विकास है।



कार्यकर्ता सम्मेलन में वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी पूर्व मंत्री डॉ .रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्यासागर पांडे,नरेंद्र व्यास, प्रीतम सिंह लोधी,पूर्व विधायक सोनबाई, पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम के प्रभारी अमित बजाज, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, श्रीमती सुमन उपाध्याय, करन सिंह लोधी, जिला मंत्री श्रीमती श्यामा उरैती, श्रीमती सुधा सेन,सुश्री विनीता कुलस्ते,रानू नामदेव,कपिल शुक्ला, भारत सिंह लोधी, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल आदि रहें.

## पुत्र की हत्या के 15 दिन बाद भी मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं

- कांग्रेस और परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** वार्ड क्रमांक-5 तेंदूखेड़ा निवासी अतुल अहिरवार की 23 जून को चाकू से हत्या के मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजन और कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।आवेदक वीरन अहिरवार के साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल सहित अन्य लोगों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया को ज्ञापन सौंपा.उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी धीरेंद्र खटीक और कार्तिक को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है.ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए. एएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर को कार्यालय बुलाकर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए।बता दें कि 23 जून को तेंदूखेड़ा के वार्ड-5 में अतुल अहिरवार की धीरेंद्र व कार्तिक द्वारा मिलकर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया



**शिवम के सेना में चयनित होने पर शालेय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया- बधाई दी**



नवभारत,दमोह। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया के पूर्व छात्र शिवम चौरसिया निवासी बजरिया मुहल्ला हिंडोरिया का भारतीय सेना में अग्निवीर टेक्निकल के पद पर चयन होने पर प्राचार्य व समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त कर ढेर सारी हार्दिक बधाई दी.इस महान अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग ने हर्ष के साथ कहा कि छात्र शिवम की ये उपलब्धि विद्यालय, परिवार, नगर एवं पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है.

## जल गंगा संवर्धन अभियान ग्राम राजा पटना में बावड़ी उत्सव आयोजित

**नवभारत,राजा पटना/दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम राजा पटना की ऐतिहासिक बावड़ी पर भव्य बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बावड़ी पूजन व जल संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया।इस अवसर पर जिला समन्वयक सुशील नामदेव, विकासखंड समन्वयक श्रीमती वंदना जैन,ग्राम पंचायत राजा पटना के सरपंच, सचिव, पटवारी, प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्था के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि समय रहते पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण नहीं किया गया, तो भविष्य में जल संकट और अधिक गंभीर हो सकता है। उन्होंने सभी से बावड़ियों,कुओं व तालाबों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जनभागीदारी बढ़ायें.

**ग्रामीणों ने किया अग्निवीर जवानों का स्वागत**



**नवभारत,पथरिया/दमोह।** अग्नि वीर में ट्रेनिंग कर चार जवान घर लौटे चारो अग्निवीर ज़वानों का ग्राम केवलारी में स्वागत किया गया। समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश प्रताप सिंह लोधी ने सभी को फूलमाला पहनाकर व राष्ट्रीय चिन्ह सील्ड भेट कर सम्मानित किया उक्त अवसर पर सचिव राजू राजपूत,बद्री पटेल तथा ग्रामीणों ने जवानों का गुलाल लगाकर,फूलमाला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया.

**साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**नवभारत,नरसिंहगढ़/दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन में सीएसपी एचआर पांडे व टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी नरसिंहगढ़ रोहित द्विवेदी ने स्टाफ के साथ ज्ञानोदय स्कूल नरसिंहगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान सेफ क्लिक 2.0 के संबंध में व साइबर जागरूकता को लेकर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्रों व शिक्षकों को श्सेफ क्लिक 2.0श् अभियान की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के उपाय भी बताए गए। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मोबाइल व इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी।

**युवा संसद** | **राष्ट्रीय युवा संसद 2026 जयपुर में छाए**

# युवा संसद में दमोह के निखिल ने दिया वक्तव्य

**जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में दमोह के निखिल सोनी ने किया मत्र का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय युवा संसद 2026 जयपुर में छाए**



नवभारत,दमोह. दमोह के निखिल सोनी महिला आरक्षण, चुनावी पारदर्शिता और विकसित भारत 2047 पर रखे प्रभावशाली विचार, सदन ने सराहा योगद राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित विधानसभा में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय युवा संसद में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए दमोह जिले के तेंदूखेड़ा निवासी निखिल सोनी ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से सभी का ध्यान आकर्षित किया। महिला सशक्तिकरण,चुनावी पारदर्शिता और विकसित भारत 2047 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उनके तार्किक व प्रभावशाली विचारों की सदन में व्यापक सराहना हुई. महिला आरक्षण पर बुलंद आवाज निखिल सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला आरक्षण केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि समान अवसर और सशक्त भारत की नींव है.उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिले बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी रहेगी। महिलाओं को नेतृत्व, नीति निर्माण व प्रशासनिक क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान करना समय की आवश्यकता है।

**चुनावी पारदर्शिता पर रखे ठोस सुझाव**

**निखिल सोनी ने लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया .उन्होंने सुझाव दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया में आधुनिक तकनीकों का उपयोग, मतदाता जागरूकता अभियान, राजनीतिक दलों की जवाबदेही तथा निष्पक्ष चुनाव प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाना .**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

- एसडीएम ने दिखाई मानवता, अस्पताल पहुंचाया पर नहीं बच सकी जान

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।** तेंदूखेड़ा में रविवार रात करीब 9 बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद घायल को तड़पता देख एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने मानवता का परिचय देते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया,लेकिन उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार एसडीएम सी.जी. गोस्वामी तारादेही से तेंदूखेड़ा लौट रहे थे।तभी रास्ते में उन्हें एक युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला। एसडीएम ने बिना देर किए घायल को अपनी गाड़ी से तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रेफर के दौरान पता चला कि घायल युवक सरस्वगली निवासी रामकिशन यादव है, जो तेंदूखेड़ा से अपने गांव जा रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और वाहन चालक मौके से फरार हो गया।युवक को जबलपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



जीवित अवस्था का पास

**एसडीएम की तत्परता के बावजूद युवक की जान नहीं बच सकी।पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।**